पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल जी ने किया मिलेट मेले का उद्घाटन

महिलाओं और बेंटियों को मिलेट के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत

पूरे विश्व में भारत ने मानवता के लिए अपनी पहचान बनायी

माँ का दूध बच्चों को नया जीवन देता है

भारत मानवता के लिए जीता है

लखनऊः 14 फरवरी, 2023

प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने आज किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आरम्भ किये गये रेडियो गूंज के एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने चिकित्सा विश्वविद्यालय में तीन नवीन सुविधाओं एक्सरे इरैडिएटर, सीवेज ट्रीटमेंट एवं एफ्लूयेन्ट ट्रीटमेंट प्लान्ट तथा इन्टरवेंशन रेडियोलॉजी वार्ड का शुभारम्भ भी किया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन में ए प्लस प्राप्त करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि मेडिकल विश्वविद्यालय और सामान्य विश्वविद्यालय में काफी अन्तर होता है। मेडिकल विश्वविद्यालय का दायरा तथा समाज के लिए उनकी जिम्मेदारियां बहुत वृहद और अहम होती हैं। अपनी

जिम्मेदारियों का अच्छी तरह से निर्वहन करते हुए भी नैक में अच्छा प्रदर्शन करना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। किसी भी विश्वविद्यालय के लिए नैक मूल्यांकन क्यों जरूरी हो जाता है इस पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इससे विश्वविद्यालय को अपनी कार्यशैली के बारे में सोचने और उसमें सुधार करने का अवसर प्राप्त होता है।

इसी क्रम में राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय द्वारा सफलतापूर्वक प्रसारित तथा समाज के लिए उपयोगी साबित हो रहे रेडियो केजीएमयू गूंज के एक वर्ष पूर्ण करने पर बधाई देते हुए सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय की रेडियो केजीएमयू गूंज टीम द्वारा आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय समुदाय जैसे कि हमारी महिलाएं, हमारी बेटियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी सरल तरीके से पहुंचाने के साथ विशेषज्ञों की बातों को भी सहज भाषा में प्रसारित किया जाए।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित मिलेट मेले का भी उद्‌घाटन किया तथा कहा कि बदलती जीवन शैली में स्वस्थ शरीर के लिए आहार में मिलेट को जोड़ना जरूरी हो गया है। वर्ष 2023 को देश के प्रधानमंत्री ने अन्तर्राष्ट्रीय मीलेट वर्ष घोषित किया है तथा उन्होंने मोटे अनाज को एक नया नाम दिया है 'श्री अन्न'। इसलिए मैं चाहती हूं कि विश्वविद्यालय को महिलाओं और बेटियों को पोषण और स्वास्थ्य की दृष्टि से सर्वोत्तम आहार मिलेट्स को अपनी जीवन शैली में शामिल करने के लिए जागरूक करने का कार्य करना चाहिए इसके साथ ही कुपोषण, टीबी, महिलाओं की शत्–प्रतिशत डिलीवरी चिकित्सालय में ही हो तथा फीडिंग जैसे गंभीर विषय को भी उठाना चाहिए तथा इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम का प्रसारण भी रेडियो गूंज पर किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर टेक्नोलॉजी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि टेक्नोलॉजी का उपयोग करके हम मानव की अच्छी से अच्छी सेवा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व मानव के साथ–साथ पशुओं को बचाने के लिए भी रोज नये–नये अनुसंधान कर रहा है। जितना मानव को बचाना जरूरी है उतना ही पशुओं के लिए भी सोचने और संवेदनशील होने की जरूरत है। कोरोना के समय

में अन्य देशों की मदद करके भारत ने यह साबित कर दिया है कि भारत मानवता के लिए जीता है।

एक अन्य कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने शहमीनाशाह रोड राजकीय बालिका इण्टर कालेज में डिजिटल वैन का अवलोकन किया तथा कक्षा में जाकर छात्र–छात्राओं से संवाद भी किया।

इस अवसर पर किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति ले0 ज0 डॉ0 बिपिन पुरी, डॉ0 कीर्ति वर्मा, डॉ0 तुलिका चंद्रा, डॉ0 विनीत शर्मा, डॉ0 ए0 के0 त्रिपाठी, डॉ0 के0के0 सिंह तथा डॉ0 अनित परिहार उपस्थित थे।

————————————

राम मनोहर त्रिपाठी/
डॉ संगीता चौधरी, राजभवन
संपर्क सूत्र : 9453005360

बिना किसी शुल्क के

A B R
बिना किसी शुल्क के
डिजिटल इंडिया
की यात्रा
का अनुभव करें

श्री बृजेश पाठक
माननीय उप-मुख्यमंत्री, उ.प्र.
गरिमामय उपस्थिति
श्री मयंकेश्वर शरण सिंह
माननीय राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा,
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उ.प्र. सरकार


लोकार्पण
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
माननीया राज्यपाल, उत्तर प्रदेश एवं माननीया कुलाधिपति, के.जी.एम.यू., लखनऊ
श्री बृजेश पाठक
ले. जन. (डॉ.) बिपिन पुरी

नवीन सेवाओं का शुभारम्भ
दिनांक: 14 फरवरी, 2023
समय: 11:00 पूर्वाह्न